दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 27.02.2026

प्रकाशनार्थ

बैंकिंग करियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन सेमिनार का सफल आयोजन

दिनांक 27.02.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर के स्नातक (वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय) के उत्तीर्ण एवं छठवें सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर स्तर के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग क्षेत्र में करियर निर्माण के उद्देश्य से कला संकाय परिसर स्थित संवाद कक्ष में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, चयन प्रक्रिया तथा आवश्यक कौशल विकास के संबंध में सम्यक जानकारी प्रदान करना था। सेमिनार में विद्यार्थियों को एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक एवं आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में संभावित रोजगार अवसरों एवं साक्षात्कार प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से अवगत कराया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में एनआईआईटी के प्रतिनिधि डॉ. अविनाश श्रीवास्तव ने बैंकिंग क्षेत्र की वर्तमान आवश्यकताओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के समय में बैंक केवल शैक्षणिक योग्यता ही नहीं, बल्कि विश्लेषणात्मक क्षमता, डिजिटल बैंकिंग की समझ, ग्राहक सेवा कौशल एवं समस्या समाधान की दक्षता को भी प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा की रणनीति, समूह चर्चा में प्रभावी भागीदारी, रिज्यूमे निर्माण की तकनीक तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार में आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति के व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने यह भी कहा कि निरंतर अभ्यास, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता संभव है।

विशिष्ट वक्ता ई. पियूष पाण्डेय ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कम्युनिकेशन स्किल, व्यक्तित्व विकास तथा प्रोफेशनल एटीकेट्स की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि बैंकिंग क्षेत्र में प्रथम प्रभाव अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, इसलिए भाषा की शुद्धता, शारीरिक भाषा (बॉडी लैंग्वेज), टीमवर्क एवं नेतृत्व क्षमता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बदलते डिजिटल युग में स्वयं को अपडेट रखना और नई तकनीकों के प्रति सजग रहना सफलता की कुंजी है।

कार्यक्रम का स्वागत एवं संचालन प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. पवन कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की प्राथमिकता केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाना भी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को उद्योग जगत की अपेक्षाओं से परिचित कराते हैं और उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं निरंतर आत्मविकास को अपनाने का संदेश देते हुए आश्वस्त किया कि महाविद्यालय भविष्य में भी ऐसे करियर उन्मुख कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल के सदस्य मुदित दुबे, अनुराधा सिंह, आनंद मिश्रा, प्रणव पाण्डेय एवं गौरव पाण्डेय की सक्रिय उपस्थिति रही। **कार्यक्रम में कुल 173 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर बैंकिंग क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया।**

उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क